(68)

# UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY
## HALDWANI

### Office of the Vice Chancellor

**No.VC/OSD/** 652 **Dated: Sept. 18, 2013**

### Office Order

**Prof. Girija Pande**, Professor of History and Director, School of Social Sciences is hereby assigned to work as **Director Research Unit** and **Coordinator of national and international collaborations/ Projects.**

Prof.Pande will not be entitled for any additional remuneration for this job.

These orders will come into force with immediate effect till further orders.

**(Prof. Subhash Dhuliya)**
Vice Chancellor

Cc:
1. Prof.Girija Pande, Director, SoSS
2. All Directors of Schools
3. All Regional Directros of UOU
4. Registrar
5. Finance Controller
6. Head, ICT

संलग्नक-1

5

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

## हल्द्वानी, नैनीताल, उत्तराखण्ड – 263139

## शोध एकक

बैठक : दिनाँक 04.12.2013

कार्यवृत

शोध एकक द्वारा जारी पत्र संख्या UOU/DORI/2013/DEC/01, दिनाँक-02 दिसम्बर 2013 के क्रम में शोध एकक के समस्त सदस्यों, सभी विद्याशाखाओं के निदेशकों/ कार्यवाहक निदेशकों तथा विश्वविद्यालय प्रशासन से संबंधित पदाधिकारियों की एक बैठक दिनाँक 04.12.2013 को संपन्न हुई जिसमें निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया –

| | | |
|---|---|---|
| १. प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे | - | निदेशक, सामाजिक विज्ञान विद्याशाखा एवं शोध एकक (संयोजक) |
| २. प्रोफेसर एच० पी० शुक्ल | – | निदेशक, भाषा विद्याशाखा |
| ३. प्रोफेसर आर० सी० मिश्र | - | निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा |
| ४. प्रोफेसर गोविन्द सिंह | - | निदेशक, मानविकी विद्याशाखा एवं परीक्षा नियंत्रक |
| ५. प्रोफेसर जे० के० जोशी | - | निदेशक, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा |
| ६. डा० मदन मोहन जोशी | - | कार्यवाहक निदेशक, सामाजिक विज्ञान विद्याशाखा |
| ७. डा० हरीश जोशी | - | कार्यवाहक निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा |
| ८. डा० दीपक पालीवाल | - | सहायक निदेशक, शोध एकक |
| ९. डा० प्रवीण कुमार तिवारी | - | सहायक निदेशक, शोध एकक |
| १०. डा० संजय ध्यानी | - | उप कुलसचिव |
| ११. श्रीमती लीला रावत | - | सहायक कुलसचिव, शोध एकक |
| १२. श्री के० के० पाण्डे | - | परामर्शदाता, शोध एकक |

बैठक संयोजक द्वारा सदस्यों के स्वागत के साथ प्रारम्भ हुआ जिसमें शोध एकक सम्बन्धी नीतियों एवं क्रियाकलापों को बेहतर बनाने एवं विद्याशाखाओं तथा एकक के मध्य समुचित समन्वय स्थापित करने के संदर्भ में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के प्रमुख बिन्दु निम्नवत हैं:-

1. 'शोध एकक (RESEARCH UNIT)' जो पूर्व में 'शोध निदेशालय' था के लिए 'शोध एवं नवाचार निदेशालय (DIRECTORATE OF RESEARCH AND INNOVATION)' का नाम प्रस्तावित करने पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की। सदस्यों का मत था कि इससे न सिर्फ विश्वविद्यालय स्तर पर वरन राज्य स्तर व व्यापक फ़लक पर शोध सम्बन्धी कार्यों को बढ़ावा मिलेगा साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा स्वतंत्र रूप से लघु परियोजना कार्य, वृहद् परियोजना कार्य तथा अन्य प्रकार

ग) विषय प्रस्तुति (पावर पॉइंट प्रस्तुति) (कुल 10 अंक): अभ्यर्थी जिस क्षेत्र या विषय के संबंध में शोध कार्य करना चाहता है उससे संबंधित शोध प्रस्ताव की प्रस्तावित संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करेगा जिसका मूल्यांकन कुलपति जी द्वारा गठित समिति करेगी जिसके लिए अधिकतम 20 अंक निर्धारित होंगें।

घ) साक्षात्कार (कुल 20 अंक)

3. शोध निर्देशकों के निर्देशन में शोध छात्रों की पूर्व निर्धारित संख्या को अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की भांति परिवर्तित करने पर सहमति बनी ताकि राज्य के अधिकाधिक छात्रों को शोध का अवसर प्राप्त हो सके। यह निर्णय लिया गया कि एक समय में सहायक प्रोफेसर के निर्देशन में अधिकतम 04, सह प्रोफेसर के निर्देशन में अधिकतम 06 तथा प्रोफेसर के निर्देशन में अधिकतम 08 शोध छात्र शोध कार्य करेंगें। परन्तु प्रति वर्ष (एक शैक्षणिक सत्र में) सहायक प्रोफेसर के निर्देशन में अधिकतम 02, सह प्रोफेसर के निर्देशन में अधिकतम 03 तथा प्रोफेसर के निर्देशन में अधिकतम 04 शोध छात्रों का पंजीकरण ही उचित होगा। विशेष परिस्थिति में (यदि कोई शोध निर्देशक विश्वविद्यालय छोड़ कर बाहर चला जाय तब उसके शोध छात्रों के निर्देशन के संबंध में या किसी अन्य विशेष परिस्थिति में) निदेशक तथा कुलपति जी के आदेश पर उपर्युक्त सीमा का बंधन छोड़ा जा सकता है परन्तु वह किसी भी दशा में निर्धारित अधिकतम सीमा अर्थात सहायक प्रोफेसर के निर्देशन में अधिकतम 04, सह प्रोफेसर के निर्देशन में अधिकतम 06 तथा प्रोफेसर के निर्देशन में अधिकतम 08 से अधिक नहीं होना चाहिए।

4. शोध छात्रों के अभ्यर्थी के रूप में आवेदन करने से लेकर शोध प्रबन्ध जमा करने तक विभिन्न शुल्कों के स्वरुप पर भी व्यापक विमर्श हुआ तथा यह निर्णय लिया गया कि पीएच० डी० पाठ्यक्रम से संबंधित शुल्क का स्वरुप निम्नवत होगा :-

(i) प्रवेश परीक्षा शुल्क : 1000 रु०

(ii) पंजीकरण एवं पाठ्यकार्य शुल्क : 6500 रु०

(iii) प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के लिए शुल्क : 6500 रु० प्रतिवर्ष

(iv) शोध प्रबन्ध मूल्यांकन शुल्क : 5000 रु०

5. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी भी शोध छात्र के पंजीकरण की तिथि उसके द्वारा 'पंजीकरण एवं पाठ्यकार्य शुल्क' जमा करने की तिथि ही मानी जाएगी। परन्तु शोध छात्र का पंजीकरण तभी स्थायी समझा जाएगा जब वह पाठ्यकार्य को सफलता पूर्वक पूर्ण कर लेगा। अन्यथा उसका पंजीकरण अस्थायी समझा जाएगा। यदि कोई शोध छात्र पाठ्यकार्य पूर्ण करने में असफल रहता है तो उसके संदर्भ में पंजीकरण की तिथि उसके द्वारा सफलता पूर्वक पूर्ण किए गए पाठ्यकार्य के प्रारम्भ होने की तिथि होगी।

6. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पाठ्यकार्य के दौरान शोध छात्र शोध एकक (जो अब शोध एवं नवाचार निदेशालय के रूप में प्रस्तावित है) तथा संबंधित विद्याशाखा दोनों जगहों पर एक अलग बनाई गई उपस्थिति पंजिका में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगें।

**हस्ताक्षरः-**

प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे - निदेशक, सामाजिक विज्ञान विद्याशाखा एवं शोध एकक (संयोजक)
प्रोफेसर एच० पी० शुक्ल - निदेशक, भाषा विद्याशाखा
प्रोफेसर आर० सी० मिश्र - निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा
प्रोफेसर गोविन्द सिंह - निदेशक, मानविकी विद्याशाखा एवं परीक्षा नियंत्रक
प्रोफेसर जे० के० जोशी - निदेशक, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा
डा० मदन मोहन जोशी - कार्यवाहक निदेशक, सामाजिक विज्ञान विद्याशाखा
डा० हरीश जोशी - कार्यवाहक निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा
डा० दीपक पालीवाल - सहायक निदेशक, शोध एकक
डा० प्रवीण कुमार तिवारी - सहायक निदेशक, शोध एकक
डा० संजय ध्यानी - उप कुलसचिव
श्रीमती लीला रावत - सहायक कुलसचिव, शोध एकक
श्री के० के० पाण्डे - परामर्शदाता, शोध एकक

पत्रावली सं०

# Notes & Order

कृपया गत टीप पृष्ठ (08) दिनांक 11/01/2017 का अवलोकन करना चाहें। माननीय कुलपति जी द्वारा दिये गये अनुमोदन के क्रम में निम्न प्रकार शोध परिषद का गठन किये जाने का प्रस्ताव है।

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | प्रोफेसर नागेश्वर राव, माननीय कुलपति जी ( उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय) हल्द्वानी |
| माननीय कुलपति जी द्वारा नामित दो सदस्य (योजना बोर्ड व विद्यापरिषद के सदस्य ) | 1. प्रोफेसर वेद प्रकाश शास्त्री, वेद निलयम, ज्ञानलोक कालोनी, राजपूत धर्मशाला के सामने, कनखल, हरिद्वार ,विश्वविद्यालय, हरिद्वार **(सदस्य, विद्यापरिषद)** मोबाईल न0 8979797994 |
| | 2. प्रोफेसर एम0एन0 सिंह, एल0आई0जी-230, गोविन्दपूर कालोनी,पो0आ0- ~~बेलारगंज~~ तेलियरगंज, इलाहाबाद- 211004 **(सदस्य योजना बोर्ड )** उ0प्र0 मोबाईल न0- 7800428450 |
| माननीय कुलपति जी द्वारा नामित दो वाह्य सदस्य | 1. प्रोफेसर एम0एस0 सेनम राजू, निदेशक (अकादमिक), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, इन्दिरा गांधी नेशलन ओपन यूनिवर्सिटी, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली |
| | 2. प्रोफेसर डी0सी0 पाण्डे, प्रोफेसर भूगोल एवं कुलसचिव, कुमाउँ विश्वविद्यालय, नैनीताल |
| समस्त विद्याशाखाओं के निदेशक गण (सदस्य ) | 1. प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ल ( उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय) हल्द्वानी<br>2. प्रोफेसर आर0सी मिश्रा ( उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय) हल्द्वानी<br>3. प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे ( उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय) हल्द्वानी<br>4. प्रोफेसर ~~ए0डी0 पंत~~ ( उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय) हल्द्वानी |
| निदेशक शोध, (सदस्य सचिव) | प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे ( उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय) हल्द्वानी |

उपरोक्तानुसार शोध परिषद के गठन की अधिसूचना कुलसचिव के हस्ताक्षरार्थ जारी किये जाने हेतु पत्रालेख आपके सम्मुख प्रस्तुत है। कृपया सहमति की दशा में सम्मुख रखे पत्र की स्वच्छ टंकित प्रतियों पर हस्ताक्षर करना चाहें।

19.01.17
हेमचन्द्र
(शोध एवं नवाचार )

निदेशक, शोध एवं नवाचार

कुलसचिव

अवलोकन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु,

शोध
01.02.2017 (778)

कुलसचिव
01/02/2017

कुलपति जी

1/2/17

कुलसचिव
2/2/17

VC/440
1/2/17

Vice Chancellor

निदेशक, शोध एवं नवाचार

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की अधिसूचना संख्या– यू0ओ0यू0/शोध/782 दिनांक 04.02.2017 के कम में शोध परिषद का गठन किया गया है। बैठक प्रस्तावित की गयी दिनांक 20.02.2017 को अपराहनः 02:00 बजे शोध परिषद की बैठक प्रस्तावित की गयी है। बैठक में निम्न सदस्यों द्वारा भाग लिया जाना है।

1. प्रो0 एम0एस0 सेनम राजू, निदेशक अकादमिक, स्कूल आफ मैनेजमेंन्ट स्टडीज, इंदिरा गाधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी नई दिल्ली।
2. प्रो0 डी0सी0 पाण्डे, कुलसचिव, कुमांयू विश्वविद्यालय नैनीताल।
3. प्रो0 एच0पी0 शुक्ला, निदेशक मानविकी शिक्षाशास्त्र, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय।
4. प्रो0 आर0सी0 मिश्र, निदेशक प्रबन्ध अध्ययन, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
5. प्रो0 दुर्गेश पंन्त, कम्प्यूटर विज्ञान, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
6. प्रो0 वेद प्रकाश शास्त्री, वेद निलयम, ज्ञानलोक कालौनी, राजपूत धर्मशाला के सामने कनखल हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
7. प्रो0 एन0एन0 सिंह, एल0आई0जी0, 230 गोविन्दपुर कालौनी, पो0ओ0 तेलियारगंज, इलाहाबाद, उ0प्र0।

बैठक की कार्यसूची पताका–क पर आपके अवलोकनार्थ एवं निर्देशार्थ प्रस्तुत है। बैठक की अनुमति के उपरान्त सम्बन्धित सदस्यों को बैठक की सूचना से अवगत कराया जायेगा। शोध परिषद की बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों के जलपान एवं आतिथ्य सत्कार/वास्तविक व्यय के आधार पर टी0ए0 इत्यादि का भुगतान एवं उनके रहने इत्यादि की व्यवस्था तथा नियमानुसार मानदेय दिये जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की आवश्यकता है। पूर्व में प्रस्तावित तिथि 20/2/2017 के स्थान पर आगामी 17 मार्च 2017 को प्रातः 11.30 बजे से बैठक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

कृपया सहमति की दशा में अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

20/2/2017
निदेशक/सदस्य सचिव।

कृपया [illegible]

मा0 ~~कुलपति~~ जी।

21/2/17
Prof. Nageshwar Rao
Vice Chancellor

VC/625
21/2/17

Reg

प्रो0 गिरिजा पाण्डे के साथ चर्चा कर कार्यसूची का परीक्षण एवं परिमार्जन किया गया। तदनुरूप नई कार्यसूची के साथ टीप अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

23/2/17
कुलसचिव

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी